बरेली, शुक्रवार
9 फरवरी 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO. 7 : MIDDLE

एसआरएमएस के टॉपर्स को मिले मेडल

16वां दीक्षा समारोह में **संस्थान** के चेयरमैन देवमूर्ति ने विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार भी दिए

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में श्रीराममूर्ति के 108वें जन्मदिवस के मौके पर 16वां दीक्षा समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2016-17 में पास आउट इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को डिग्री, टॉपर्स को मेडल के साथ नकद पुरस्कार की राशि दी गई।

मुख्य अतिथि आइवीआरआइ के निदेशक प्रो. आरके सिंह रहे। उन्होंने संस्थान के सामाजिक कार्यों के योगदान को सराहा। संस्थान से प्राप्त मूल्यों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। वहीं, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीमेंस हेल्थ केयर कंपनी के उपाध्यक्ष हर्ष मेहरोत्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष देवमूर्ति ने की। सचिव आदित्य मूर्ति ने संस्थान की सफलता रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को मंजिल तक पहुंचने की प्रेरणा दी। बीटेक के टॉपर कोपल अग्रवाल को श्रीराम मूर्ति मेडल व 51 हजार रुपये मिले। जबकि अशना सहानी द्वितीय और आरती मिश्रा तीसरे नंबर पर रहीं। ईसी की टॉपर हर्षिता देववानी को डॉ. ऊषा मेहरा गोल्ड मेडल और 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। डॉ. विनय कुमार पाठक ने एमसीए टॉपर अनुराधा को पुरस्कृत किया। आइटी में श्रेयांश शेखर, बीफार्मा में मधुरिमा शाह, एमबीए में हर्ष गुप्ता को मेडल व पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ बीटेक टॉपर वंशिका शुक्ला को मेडल, लखनऊ की बीटेक की टॉपर शिवानी सचान को मेडल और 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। इसके अलावा अमरनाथ झा, संचिता दास गुप्ता, अनिकेत मिश्रा को मेडल और पुरस्कार दिए गए।

एसआरएमएस के दीक्षा समारोह में टॉपर छात्रा को सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति • जागरण

77.5 फीसद विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास

डीन प्रभाकर गुप्ता ने समारोह में की संस्थान की प्रगति रिपोर्ट पेश की। बताया कि करीब 36 राष्ट्रीय सेमिनार, वर्कशॉप और कांफ्रेंस में 101 शोध पत्र पढ़े गए। साथ ही 427 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ। 77 .5 फीसद विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। 1.23 करोड़ की छात्रवृत्ति दी गई।

मेहनत कर, धैर्य रखें और आगे बढ़ें

ट्रस्ट के अध्यक्ष देवमूर्ति ने कहा कि कड़ी मेहनत के बाद ही उन्हें ये मुकाम मिला। मेहनत का सिलसिला जारी रखें। मेहनत करें, धैर्य रखें। नई सोच पैदा करें। कम्युनिकेशन सुधारें। विशिष्ट अतिथि हर्ष मेहरोत्रा ने कहा कि ज्ञान, कौशल और विचारों में बदलाव लाकर देश के विकास में जुटें। संचालन अंकिता टंडन ने किया। सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।